मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंक : 67, मुंबई, शनिवार, 28 जून, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# कांटा लगा फेम शेफाली जरीवाला का निधन

## मुंबई पुलिस परिजन और हाउसहेल्पर से कर रही पूछताछ...

## दावा- कार्डियक अरेस्ट से हुई मौत



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** रीमेक सॉन्ग कांटा लगा गाने से मशहूर हुईं एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 जून की रात उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गई। अब इस मामले में मुंबई पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शेफाली जरीवाला के घर पर फोरेंसिक टीम पहुंच चुकी है और सबूत जुटाए जा रहे हैं। वहीं, अंबोली पुलिस स्टेशन में घर की मेड और कुक से पूछताछ की गई है। परिजन के भी बयान लिए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, शेफाली को बेहोशी की हालत में उनके पति और एक्टर पराग त्यागी, के साथ तीन अन्य लोग शुक्रवार रात मुंबई के अंधेरी स्थित बेलेव्यू अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### शेफाली का करियर



शेफाली की पहचान सिर्फ कांटा लगा गर्ल के रूप में नहीं थी, बल्कि उन्होंने नच बलिए, बिग बॉस 13, और कई अन्य रिएलिटी शोज में भी अपने हुनर का प्रदर्शन किया। उनकी एनर्जी, मुस्कान और ज़िंदादिली ने उन्हें फैंस के दिलों में एक खास जगह दी थी। आज, जब पराग त्यागी के चेहरे पर वो खालीपन और दर्द नजर आया, तो वो लाखों दिलों की कहानी बन गया। शेफाली की ये विदाई बहुत जल्दी आई, लेकिन उनकी यादें हमेशा जिंदा रहेंगी।

### 15 साल की उम्र में पड़ा था मिर्गी का दौरा

एक इंटरव्यू में शेफाली ने बताया था कि उन्हें 15 साल की उम्र मिर्गी का दौरा पड़ा था। तनाव और चिंता की स्थिति में उन्हें दौरे आते थे। हालांकि, बाद में उन्होंने योग और रोजाना एक्सरसाइज करना शुरू किया, जिससे उनकी तबीयत बेहतर होने लगी और मिर्गी के दौरे आना बंद हो गए।

## पीओपी की बड़ी मूर्तियों का समुद्र में होगा विसर्जन !



### सीएम ने दिया ये निर्देश

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने गणेशोत्सव से पहले प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बननेवाली बड़ी मूर्तियों पर जारी गतिरोध को खत्म करने के संकेत दिए हैं। पर्यावरण अनुकूल त्योहारों के आयोजन के संबंध में सह्याद्री अतिथिगृह में शुक्रवार को हुई बैठक में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पीओपी से बनी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के संबंध में रीति-रिवाजों और परंपराओं का सम्मान करते हुए पर्यावरण अनुकूल दीर्घकालिक उपाय वाली नीति तैयार करने के निर्देश दिए।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# उद्धव ठाकरे ने बना लिया प्लान

## महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र होगा हंगामेदार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भारी बहुमत के बावजूद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महायुति सरकार को विधानसभा के आगामी मानसून सत्र के दौरान मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। 30 जून से शुरू होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र में विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत विवादास्पद त्रिभाषा फामूर्ले को लेकर विरोध का प्लान बना रही है। विधानमंडल सत्र के साथ-साथ शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे समानांतर रैलियां और बैठकें करेंगे। विपक्षी पार्टियां मराठी लोगों पर हिंदी थोपने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)




### निकाय चुनाव से पहले हो रहा है मानसून सत्र

30 जून से 18 जुलाई तक चलने वाला मानसून सत्र हंगामेदार रहने की उम्मीद है। यह सत्र महाराष्ट्र में होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों से पहले हो रहा है। इस दौरान सभी 29 नगर निगमों, 257 नगर परिषदों, 26 जिला परिषदों, 289 पंचायत समितियों के लिए के लिए चुनाव होगा।

## हमारी बात

### भारी बारिश से तबाही

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश की वजह से जल प्रलय के हालात लग रहे हैं। लगातार हो रही तेज बारिश से कई इलाकों में नदियां उफन रही हैं। धर्मशाला में एक पनबिजली परियोजना में काम करने वाले 20 से 25 मजदूर एक स्थानीय नदी के तेज बहाव में बह गए हैं। देर शाम तक दो लोगों के शव बरामद हुए। उधर कसोल में तेज बारिश की वजह से अनेक गाड़ियां नदी में बह गईं। कुछ पर्यटकों के भी लापता होने की खबर है। उत्तराखंड में भी बारिश से तबाही मची है तो उधर भूस्खलन की वजह से जम्मू और श्रीनगर हाईवे को बंद कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला में बुधवार को हुई तेज बारिश के कारण खनियारा इलाके के सोकणी दा कोट में इंदिरा प्रियदर्शनी परबिजली परियोजना में काम करने वाले 20 से 25 मजदूर एक स्थानीय नदी में बह गए। देर शाम तक मजदूरों की तलाश जारी थी। बताया जा रहा है कि स्थानीय मनुणी नदी आम दिनों में सूखी ही रहती है, लेकिन तेज बारिश के कारण नदी में अचानक से बाढ़ आ गई। मजदूर नदी किनारे बने शेड में रह रहे थे। इसलिए बाढ़ की चपेट में आ गए। उधर कुल्लू जिले में तीन जगह, सैंज घाटी के जीवा नाला, गढ़सा घाटी के शिलागढ़ और बंजार के होरनगढ़ में बादल फटा। जीवा नाला में बाप और बेटी सहित तीन लोग बह गए। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में धारचुला व लिपुलेख रोड पर भूस्खलन हुआ। इसकी वजह से आदि कैलाश रोड बंद हो गया। दोनों तरफ गाड़ियां फंसी हैं। बुधवार सुबह हल्द्वानी में एक कार नहर में गिर गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। उधर जम्मू में मंगलवार रात हुई भारी बारिश के चलते तवी नदी उफान पर है। गुजरात के सूरत में भारी बारिश की वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। पूरे शहर में पानी भरा है। कई इलाकों में पांच फीट तक पानी भरा है और लोगों को ट्रैक्टर के जरिए निकाला जा रहा है। उत्तर प्रदेश में पश्चिम के सहारनपुर से लेकर पूर्व में झांसी तक भारी बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी तेज बारिश का अलर्ट है। केरल के वायनाड के बुधवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। चूरलमाला में बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। गौरतलब है कि पिछले साल वायनाड में हुए भूस्खलन में साढ़े तीन सौ से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।

# भीलवाडा नगर निगम आयुक्त चौधरी, पूर्व एक्सईएन बडौदिया सहित 16 जनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान जयपुर।** आखिर भीलवाड़ा की सुभाष नगर थाना पुलिस ने नगर निगम के महापौर राकेश पाठक के भतीजे मोहित उर्फ मंगू पाठक, निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी निगम के पूर्व एक्सईएन अखेराम बड़ोदिया (जो डिप्टी सीएम डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा के रिश्ते में भाई) सहित 16 जनो के खिलाफ एक महिला का शहर की पॉश कॉलोनी सुभाष नगर में स्थित पुश्तैनी भूखंड को हड़पने और जबरन कब्जा करने के आरोप में गुरुवार देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया है। शहर के संजय कॉलोनी में रहने वाली श्रीमती रश्मि सुखवाल पत्नी सतीश सुखवाल की रिपोर्ट पर गुरुवार से रात को आकाश शर्मा पुत्र कामेश शर्मा निवासी लाल कोठी सब्जी मंडी विजयनगर जिला अजमेर, भंवरलाल चोरडिया पुत्र कनक मल कोरिया निवासी हलेड भीलवाडा, नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी,अखेराम बड़ोदिया पूर्व एक्सईएन (जो डिप्टी सीएम डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा के रिश्ते में भाई है) तथा देवीलाल मल्होत्रा कर्मचारी रिकॉर्ड रूम नगर निगम, मोहित पाठक भतीजा राकेश पाठक महापौर नगर निगम, श्रीमती रेखा पूरी पार्षद वार्ड संख्या 60 नगर निगम, निर्मल रांका निवासी विजयनगर जिला अजमेर, अशोक गहलोत निवासी



नगर निगम भीलवाड़ा आयुक्त,पूर्व एक्सईएन अखेराम सहित 16 जनो के खिलाफ दर्ज FIR

सुभाष नगर भीलवाड़ा, रश्मि सुखवाल का पड़ोसी, राधेश्याम शर्मा निवासी सुभाष नगर, रिकॉर्ड रूम नगर निगम प्रभारी अधिकारी, राजस्व नगर निगम भीलवाड़ा, प्रदीप गहलोत पुत्र अशोक कुमार गहलोत निवासी सुभाष नगर, गौरव गहलोत पुत्र अशोक कुमार निवासी सुभाष नगर, घनश्याम शर्मा पुत्र मोहनलाल शर्मा निवासी सुभाष नगर, जगदीश पुत्र रामनिवास काबरा काछोला तहसील मांडलगढ़ के खिलाफ 61(2),338,336(3),318(4)324(4)(5),329(3),340(2),341(1)बीएनएस2023 के तहत सुभाष नगर थाना पुलिस ने रश्मि सुखवाल की रिपोर्ट पर की उसके(रश्मि सुखवाल)के पैतृक भूखंड संख्या 128 को इन सभी पर धोखाधड़ी का हड़पने का आरोप लगाते हुए दी रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में रश्मि सुखवाल ने सब शिकायतो के बाद भी कार्यवाही नही होने पर परेशान होकर एक रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव को सभी तथ्यों के सहित दी थी जिस पर एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव ने श्रीमती रश्मि सुखवाल की रिपोर्ट और उसके साथ दिए गए तथ्यात्मक सबूतो का बारीकी से अवलोकन करने के बाद इसे गंभीर माना और सुभाष नगर थाना प्रभारी को मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करने के आदेश दिए। राज्य सरकार द्वारा घुमंतू और अर्ध घुमंतु जाति के लोगों को 50 वर्ग अगस्त के निशुल्क दिए गए भूखंडों को सरकार की शर्तों नियमों के विपरीत जाकर नगर निगम के महापौर द्वारा इन दोनों अधिकारियों से मिली भगत कर क्रय विक्रय करने के आरोपी की शिकायत भाजपा के वार्ड 25 से पार्षद राजेश सिंह सिसोदिया द्वारा सीधे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर सारे सबूत और रिकार्ड सहित तथ्यात्मक सबूत के साथ की थी इस शिकायत पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा गंभीरता भरते हुए निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग एवं स्वायत्त शासन विभाग जांच कार्यवाही शुरू कर दी और जांच के लिए उपनिदेशक क्षेत्रीय स्थानीय निकाय विभाग अजमेर को जांच के आदेश दिए हैं जिसकी जांच चल रही है

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा फर्जी पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश सराहनीय कदम - राठौड़

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा फर्जी पत्रकारों एवं जो लोग बिना आर.एन.आई के अखबार या चैनल चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई के आदेश का पत्रकार एवं संपादक व पत्रकार एकता संघ के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष भैरु सिंह राठौड़ ने स्वागत किया हैं। राठौड़ ने बताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी इस आदेश से वास्तविक पत्रकारों को संबल मिलेगा। राठौड़ ने बताया कि अखबार के संपादक के अलावा कोई भी पत्रकार प्रेस आईडी कार्ड जारी नहीं कर सकता हैं पर वर्तमान में पत्रकारिता के गिरते स्तर पर बहुत से ऐसे फर्जी पत्रकार जो कुछ पैसे लेकर प्रेस आईडी कार्ड जारी कर रहे हैं जो गहन चिंता का विषय है इससे वास्तविक पत्रकारों की छवि धूमिल हो रही हैं। राठौड़ ने बताया कि आज के सोशल मीडिया पर ऐसे फर्जी व कोपी पेस्ट पत्रकारों की बाढ़ आई हुई है जिनमें अधिकांशतः वास्तविक पत्रकारिता की एबीसीडी व ठग्रह का मतलब तक नहीं जानते हैं। राठौड़ ने कहा कि आज की पत्रकारिता एक मिशन नहीं होकर इसका पूर्णतः व्यवसायिकरण हो गया है। राठौड़ ने कहा कि इंटरनेट पर चल रहे न्यूज पोर्टल के रजिस्ट्रेशन का प्रावधान सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में नहीं है और कोई भी न्यूज पोर्टल एवं केबल (डिश) पर चल रहे समाचार चैनल किसी भी तरह के पत्रकार की नियुक्ति नहीं कर सकता हैं और ना ही प्रेस आईडी कार्ड जारी कर सकता हैं। अगर कोई ऐसा करता है तो वह अवैध हैं। राठौड़ ने कहा कि कुछ साल पहले दिल्ली में एक कथित मीडिया संस्थान ने पैसे लेकर अनपढ़ व रिक्सा चालक के प्रेस आईडी कार्ड जारी करने का भंडाफोड़ हुआ था। ऐसा होने से वास्तविक पत्रकारों के समक्ष कई तरह की चुनौतियां खड़ी हो गई है। राठौड़ ने कहा कि वर्तमान के फर्जी पत्रकारों जो अपने पास किसी भी अखबार या चैनल का बैनर नहीं होने के बावजूद सरकारी या गैर सरकारी डिपार्टमेंट में धौंस जमाने वाले कथित फर्जी पत्रकारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।



## जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान लाउडस्पीकर को लेकर कानपुर में हंगामाः धरने पर बैठे समर्थक

**कानपुर।** शुक्रवार को जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान लाउडस्पीकर लगाने को लेकर हंगामा हो गया। इस बीच पुलिस और पनकी हनुमान मंदिर के महंत के बीच जमकर विवाद भी हुआ। जिसके बाद सैकड़ों समर्थक बहुत सारी नाका के इंस्पेक्टर को सस्पेंड करने की मांग को लेकर नयागंज पीपल वाली कोठी पर धरने पर बैठ गए, जिसमें समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपेई भी शामिल हुए। रथ यात्रा के दौरान माहौल तब गरमा गया जब लाउडस्पीकर लगाने की बात आई ,जिस पर पुलिस प्रशासन का कहना था कि रथयात्रा में लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध है। इसके बाद समर्थकों ने पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाए। सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी मौके पर समर्थकों को समझाने पहुंचे। यहां सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी भी समर्थकों के साथ पहुंचे हैं। जानकारी के मुताबिक रथयात्रा निकलने से पहले पुलिस अधिकारी मंदिर के महंत जितेंद्र दास और कृष्ण दास के पास पहुंचे और बैंड में दो स्पीकर लगाने को कहा। जिसका उन्होंने विरोध किया। महंत का आरोप है कि इस दौरान पुलिसकर्मियों ने बदसलूकी की। इस बीच वहां पर के कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता भी पहुंचे। उन्होंने कहा- हम क्या पाकिस्तान में रथ यात्रा निकलेगी। मंदिर से जुड़े 40 मंडल है, जो 210 सालों से यात्रा निकाल रहे हैं, सभी पुलिस के कृत्य के विरोध में हैं। अगर जल्द नाका इंस्पेक्टर को सस्पेंड नहीं किया गया, तो बाजार बंद किया जाएगा। अवगत कराते चलें कि 215 साल पुराने इतिहास वाली यहां की जगन्नाथ रथयात्रा दोपहर ढाई बजे जनरलगंज स्थित जगन्नाथ गली से यात्रा निकली गई। इस तरह से दो दिन चलने वाली यात्रा आज 28 जून को काहूकोठी, नयागंज चौराहा, हूलागंज, भूसाटोली, नागेश्वर मंदिर, नयागंज चौराहा, मनीराम बगिया, मेस्टन रोड, चौक सराफ़ी, कोतवाली चौराहा, शिवाला, संगम लाल मंदिर, कमला टावर, लाठी मोहाल होकर जनरलगंज स्थित जगन्नाथ मंदिर पर खत्म होगी।



मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9821238815
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मुंबई कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की समीक्षा बैठक का भव्य आयोजन

## अल्पसंख्यक समाज को ज्यादा भागीदारी देने पर जोर

**मुंबई।** लोकसभा सांसद एवं मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष माननीय वर्षा ताई गायकवाड़ जी के नेतृत्व में दिनांक गुरुवार 26 जून 2025 को मुंबई रीजनल कांग्रेस कार्यालय में मुंबई कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारिणी समीक्षा बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में कांग्रेस पार्टी की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी बृहन्मुंबई महानगरपालिका (मनपा) चुनाव की रणनीति पर विशेष चर्चा हुई। चर्चा का प्रमुख केंद्र अल्पसंख्यक समाज को अधिक प्रतिनिधित्व एवं टिकट देने का मुद्दा रहा। कार्यक्रम का सूत्रसंचालन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व माइनॉरिटी विभाग के सीनियर उपाध्यक्ष कय्यूम तांबोली ने बहुत ही प्रभावशाली और अनुशासित अंदाज में किया, जिसकी सराहना सभी उपस्थित




पदाधिकारियों और नेताओं ने की। इस अवसर पर मुंबई कांग्रेस माइनॉरिटी विभाग के अध्यक्ष हाजी इब्राहीम भाईजान साहब ने सांसद वर्षा ताई गायकवाड़ और विधायक अमीन पटेल जी और निजामुद्दीन राईन का शॉल व बुके देकर गरिमामय सत्कार किया। बैठक को संबोधित करते हुए माननीय वर्षा ताई गायकवाड़ ने कहा अल्पसंख्यक समाज को कांग्रेस में नेतृत्व की भूमिका निभाने का पूरा अवसर मिलेगा। हम मनपा चुनाव में हर वर्ग को न्याय देने का काम करेंगे। संगठन की मजबूती ही हमारी जीत की कुंजी है। मुंबादेवी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक अमीन पटेल जी ने कहा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश और जनसेवा का जज्बा है। हम हर वॉर्ड में मजबूती से लड़ेंगे और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

इस समीक्षा बैठक में वरिष्ठ नेता निजामुद्दीन राईन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कय्यूम तांबोली पत्रकार जफर सिद्दीकी हाजी रफीक ईरशाद काजी गुलफाम खान तौसीफ भाई एवं विभाग के जिला अध्यक्षगण उपाध्यक्षगण, महासचिव सचिव तालुका अध्यक्ष तथा सभी पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे। बैठक के दौरान एकजुटता अनुशासन और भविष्य की जीत का आत्मविश्वास साफ तौर पर झलक रहा था। समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए निष्ठा और सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया।

छत्रपति शाहू महाराज जयंती पर श्रद्धांजलि इस अवसर पर मुंबई माइनॉरिटी कांग्रेस कमेटी की ओर से महान समाज सुधारक राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज की जयंती भी मनाई गई। सांसद वर्षा ताई गायकवाड़ विधायक अमीन पटेल तथा हाजी इब्राहीम भाईजान साहब ने शाहू महाराज की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके समाज सुधारात्मक कार्यों और बहुजन कल्याण के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

# नेशनल स्पीड स्केटिंग में आव्या ने जीता कांस्य पदक



**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** कोलकाता के गोल पार्क रविंद्र सरोवर लेक में आयोजित 9वी रैंकिंग ओपन नेशनल स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में एसईसी रेलवे नं 02 की कक्षा 1 की छात्रा आव्या अग्रवाल ने अपनी बेहतरीन फॉर्म बरकरार रखते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इससे पूर्व बिलासपुर में रतनपुर रोड में प्रदेश में पहली बार आयोजित राज्य स्तरीय स्पीड रोड स्केटिंग रैंकिंग चैंपियनशिप में आव्या अग्रवाल ने 2 रजत पदक हासिल कर छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज एवं परिवार का नाम रौशन किया। आव्या एस.ई.सी.रेलवे नं. 02, बिलासपुर के कक्षा 1 की छात्रा आव्या की इस सफलता का हैं। उनके परिजन फ्युजन स्केटिंग क्लब बिलासपुर के कोच ए. फ्रैंकलिन एवं शीरिन मैम को देते हैं और प्रतिभाशाली बिटिया आव्या अग्रवाल के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। अंकुश और गीतांजलि अग्रवाल की बिटिया आव्या अग्रवाल साइंस कॉलेज मैदान में रोज सुबह शाम फ्यूजन स्केटिंग कल में पारंगत हो रही हैं।

# क्लूक ने लॉन्च किया 'द बेस्ट यू' डिजिटल कैंपेन, भारती सिंह की भावनात्मक यात्रा के साथ

**मुंबई।** मशहूर ट्रैवल प्लेटफॉर्म क्लूक ने भारत में अपना नया ब्रांड कैंपेन 'The Best You' लॉन्च किया है, जिसमें कॉमेडी स्टार भारती सिंह की एक अलग और भावनात्मक यात्रा को दिखाया गया है। इस अभियान में भारती खुद को फिर से जानने और जीवन के छोटे-छोटे पलों में खुशी खोजने के लिए दुबई और यूएई में यात्रा करती हैं। इस तीन-भागों वाली ब्रांड फिल्म में दर्शाया गया है कि यात्रा सिर्फ मंज़िल तक पहुंचने का जरिया नहीं, बल्कि खुद से जुड़ने और अपने 'बेस्ट वर्जन' को खोजने का माध्यम है। भारती सिंह ने कहा कि यह सफर उनके लिए



निजी, सच्चा और सुकून देने वाला रहा है। क्लूक इंडिया के मार्केटिंग लीड शिवम त्यागी के अनुसार, यह कैंपेन ट्रैवल को पर्सनल और ट्रांसफॉर्मेटिव बनाने का वादा है, जो आज के मिलेनियल्स और जेन जेड यात्रियों की सोच से मेल खाता है। इसके साथ ही एक इंटरऐक्टिव ट्रैवल पर्सनैलिटी क्विज भी लॉन्च किया गया है, जो यूजर्स को उनके सफर की पसंद के हिसाब से अनुभव सुझाता है। यह पूरी पहल 500 से ज्यादा कंटेंट क्रिएटर्स के जरिए प्रमोट की जा रही है। अब सफर सिर्फ देखने का नहीं, खुद को पाने का जरिया है। क्या आप तैयार हैं अपने 'The Best You' से मिलने के लिए? आपकी यात्रा यहीं से शुरू होती है - thebestyou.com

# क्रांतिकारी कैप्टन रामभाऊ लाड की 103वीं जयंती के अवसर पर प्रेरक कार्यक्रम

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सांगली।** सातारा जिले का इतिहास क्रांति की धधकती धरती है और इस इतिहास में कुंडल गांव को क्रांतिकारियों की राजधानी के रूप में जाना जाता है। इस धरती से जन्मी प्रति सरकार की अवधारणा और उससे बनी तूफान सेना स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण और प्रेरक घटना बन गई। क्रांतिसिंह नाना पाटिल के नेतृत्व में बनी प्रति सरकार एक ऐसी सरकार थी जिसने ब्रिटिश शासन को सीधे चुनौती दी थी। इसी संघर्ष से 'तूफान सेना' का गठन हुआ। फील्ड मार्शल जी.डी. बापू लाड और कैप्टन रामभाऊ लाड इस सेना के प्रमुख नेता थे। उस समय का सातारा जिला (वर्तमान सांगली जिला) पूरी तरह से तूफान सेना के प्रभाव में था। 22 जून 2025 को कैप्टन रामभाऊ लाड की 103वीं जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। कानून और सुरक्षा विभाग के प्रमुख और तूफान सेना के कप्तान के रूप में स्वतंत्रता संग्राम में भाऊ के योगदान को भूलना असंभव है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम बहुत प्रेरणादायक रहा। इस दिन समाज में अच्छा काम करने वाले व्यक्ति को 'क्रांतिवीर कैप्टन रामभाऊ लाड लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष का सम्मान विशेष सरकारी अभियोजक एडवोकेट उज्ज्वल निकम जी को दिया गया। यह पुरस्कार महान शिक्षाविद् एन. डी. पाटिल की पत्नी और स्वयं शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति श्रीमती सरोज एन. डी. पाटिल द्वारा प्रदान किया गया। यह संयोग बहुत सार्थक रहा। कैप्टन रामभाऊ लाड एक योद्धा थे जिन्होंने क्रांतिसिंह नाना पाटिल, जी. डी. बापू लाड और नागनाथ अन्ना नायकवादी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ी। उनके विचारों और कार्यों की लौ आज भी नई पीढ़ी को प्रेरित करती है। ऐसे कार्यक्रमों के कारण ही आज भी हमारे इतिहास की प्रेरणा जागृत होती है, यही इस कार्यक्रम की वास्तविक सफलता है।

कैप्टन भाऊ के पौत्र (पीते) एडवोकेट दीपक लाड को उनके सतत प्रयासों से इस कार्यक्रम को साकार करने के लिए महासचिव, सांगली जिला कांग्रेस कमेटी के बी. डी. पाटिल सर (भिलवडी) !ए हार्दिक बधाई देते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### कांटा लगा फेम शेफाली जरीवाला का निधन

अस्पताल के रिसेप्शन स्टाफ ने पुष्टि की है कि शेफाली जरीवाला को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल भेज दिया गया है, जहां उनके परिवार के लोग, करीबी दोस्त और फिटनेस ट्रेनर भी पहुंचे हैं। ट्रेनर ने बताया कि शेफाली हमेशा अपनी सेहत को लेकर सीरियस रहती थीं। वह सख्त डाइट फॉलो थीं, रोजाना एक्सरसाइज करती थीं। उन्होंने आगे बताया कि दो दिन पहले ही शेफाली से मुलाकात हुई थी। शेफाली को मिर्गी की बीमारी थी, जिसे कंट्रोल में रखने के लिए वह ठंडी चीजें और ड्रिंक्स नहीं लेती थीं। उन्होंने एक ऐसा रूटीन अपनाया था जिससे उन्हें दौरे न आएं। बिग बॉस 13 में शेफाली ने बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री की थी और अपने शांत लेकिन मजबूत व्यक्तित्व से दर्शकों को प्रभावित किया था। वह अपने आत्मविश्वास, स्पष्ट बोलने की शैली और रिश्तों को सहेजने के तरीके के लिए जानी जाती थीं। शो में उनकी परिपक्वता और ईमानदारी ने फैंस के दिल जीत लिए थे। शेफाली जरीवाला के अचानक निधन की खबर से फैंस, दोस्तों और इंडस्ट्री के कलाकारों में शोक की लहर है। सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलियों का सिलसिला शुरू हो गया है। लोग उन्हें एक आकर्षक कलाकार, सशक्त महिला और जिंदादिल इंसान के रूप में याद कर रहे हैं।

### महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र होगा हंगामेदार

शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने से एक दिन पहले 29 जून को अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से राज्य के स्कूलों के लिए जारी हिंदी भाषा से जुड़े सरकारी प्रस्ताव (जीआर) की प्रति जलाने का आह्वान किया है। पार्टी विभाग प्रमुख संतोष शिंदे ने कहा कि दक्षिण मुंबई में जीआर की प्रतियां जलाए जाने के समय ठाकरे मौजूद रहेंगे। महाराष्ट्र सरकार ने 17 जून को एक जीआर जारी किया था, जिसमें अंग्रेजी और मराठी माध्यम के स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा एक से पांच तक के छात्रों के लिए हिंदी को सामान्य रूप से तीसरी भाषा बनाया गया। हालांकि यह अनिवार्य नहीं है। महाराष्ट्र सरकार ने अप्रैल में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अधिसूचित किया था, जो मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए अनिवार्य होगी। इसके बाद विपक्षी दलों कांग्रेस, शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे ने विरोध शुरू कर दिया।

### पीओपी की बड़ी मूर्तियों का समुद्र में होगा विसर्जन!

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्य मंत्री और मुंबई उपनगर के पालकमंत्री एड. आशीष शेलार, बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त भूषण गगरानी, महाधिवक्ता वीरेंद्र सराफ, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी, पर्यावरण विभाग के प्रधान सचिव प्रवीण दराडे, बृहन्मुंबई महानगरपालिका के अतिरिक्त आयुक्त अमित सैनी, प्रधान सचिव और कानूनी सलाहकार सुवर्णा केवले, प्रदूषण नियंत्रण मंडल के प्रभारी सदस्य सचिव रवींद्र आंधले आदि उपस्थित थे। पीओपी से बनी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के संबंध में न्यायालय ने निर्देश दिए हैं।

**जयशंकर ने कांग्रेस पर कसा तंज**

# लोकतंत्र की दुहाई देने वालों ने आज तक आपातकाल पर नहीं मांगी माफी

*जयशंकर ने कहा कि आपातकाल इसलिए लगाया गया क्योंकि देश से पहले एक परिवार के हित को रखा गया। उस दौरान न लोकतंत्र बचा, न जनता की आवाज। लोग जेलों में बंद थे, देश डर में जी रहा था और परिवार सत्ता का मजा ले रहा था*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस और गांधी परिवार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आपातकाल इसलिए लगाया गया क्योंकि देश से पहले एक परिवार के हित को रखा गया। उस दौरान न लोकतंत्र बचा, न जनता की आवाज। लोग जेलों में बंद थे, देश डर में जी रहा था और परिवार सत्ता का मजा ले रहा था। जयशंकर ने कहा कि कुछ लोग आज संविधान की किताब हाथ में लेकर घूमते हैं, लेकिन दिल में उसका सम्मान नहीं करते। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग आज लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, वो आज तक आपातकाल पर माफी नहीं मांग सके।

### आपातकाल से दुनिया में भारत की लोकतांत्रिक छवि को धक्का लगा



### देश का मनोबल तोड़ने की साजिश

विदेश मंत्री ने कहा कि उस दौर में देश का मनोबल तोड़ने की साजिश हुई। जो राजनीति में थे, उन्हें पता था कि कभी भी गिरफ्तार किया जा सकता है। जो जेल गए, उन्हें नहीं पता था कि कब बाहर निकलेंगे। इतना डर और अन्याय शायद ही कभी देखा गया हो। जयशंकर ने कहा कि 'किस्सा कुर्सी का' फिल्म के नाम में ही उस वक्त की असलियत छिपी है। जब परिवार को देश से ऊपर रखा जाता है, तब ही आपातकाल जैसे काले अध्याय लिखे जाते हैं।

### आज देश पहले, परिवार नहीं

जयशंकर ने कहा कि कहा कि आज हालात बदल चुके हैं। आज देश का हित सबसे ऊपर रखा जाता है। जब शशि थरूर, सुप्रिया सुले, कनिमोझी, संजय झा, जय पांडा, रविशंकर प्रसाद और श्रीकांत शिंदे जैसे नेता विदेशों में एकजुट होकर भारत का पक्ष रखते हैं, आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाते हैं, तब दुनियाभर में भारत की तारीफ होती है। यही असली लोकतंत्र और देशभक्ति है।

### सत्ता बचाने के लिए आपातकाल थोपा

एस. जयशंकर ने कहा कि 1971 में मिली चुनावी जीत के कुछ साल बाद ही सरकार की लोकप्रियता गिरने लगी थी। भ्रष्टाचार और महंगाई बढ़ गई थी। गुजरात और बिहार में आंदोलन चल रहे थे। 'युवराज' के बिजनेस को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में सरकार ने सत्ता बचाने के लिए आपातकाल थोप दिया।

### 2 साल में 5 बार संविधान से हुआ खिलवाड़

*विदेश मंत्री ने कहा कि आपातकाल के दौरान सिर्फ दो साल में 5 बार संविधान में संशोधन हुआ और 48 अध्यादेश लाए गए। 38वें संशोधन में आपातकाल को अदालत में चुनौती देने का अधिकार छीना गया, जबकि 42वें संशोधन में मौलिक अधिकार कमजोर कर दिए गए और न्यायपालिका की शक्ति सीमित की गई। जयशंकर ने बताया कि जब वह विदेश सेवा में नए थे, तब उनके सीनियर्स ने उन्हें बताया था कि दुनियाभर में भारत की 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' वाली छवि को गहरा धक्का लगा था। भारत की बहुत आलोचना हुई और भारतीय राजनयिकों के लिए हालात बेहद कठिन हो गए थे।*

### जयशंकर ने ईरानी समकक्ष अराघची से की बात

*विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराकची से बातचीत की। उन्होंने इस बातचीत की जानकारी एक ट्वीट के जरिए दी। जयशंकर ने बताया कि उन्होंने मौजूदा जटिल हालात पर ईरान का नजरिया जाना और उनकी सोच को समझा। इसके साथ ही उन्होंने इस बात के लिए ईरान का धन्यवाद किया कि उन्होंने भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की।*

**आईओएनएस कार्य समूह की हुई बैठक**

## 13 सदस्य देशों ने क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा और सहयोग बढ़ाने पर जताई सहमति

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने 24 से 25 जून, 2025 तक नई दिल्ली में समुद्री सुरक्षा पर हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) कार्य समूह की बैठक का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा ढांचे को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया। 13 आईओएनएस सदस्य देशों के प्रतिनिधि-ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, फ्रांस, भारत, केन्या, मोजाम्बिक, ओमान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण




अफ्रीका, श्रीलंका, तंजानिया और थाईलैंड हिंद महासागर (आईओआर) में क्षेत्रीय समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई और समकालीन समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से बहुपक्षीय तंत्र की बढ़ती आवश्यकता पर बल दिया।

**उत्तराखंड में बारिश से गिर रहा मलबा**

## सोनप्रयाग के पास केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर आवाजाही प्रतिबंधित

मुंबई हलचल / शिमला

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण जिला प्रशासन ने सोनप्रयाग-मुनकटिया मार्ग पर आवाजाही प्रतिबंधित कर दी है। केदारनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधार बिंदु के रूप में कार्य करने वाली सड़क सोनप्रयाग शटल पुल के पास और मुनकटिया के पास स्लाइडिंग जोन क्षेत्र में लगातार मलबा और पत्थर गिरने के कारण यात्रियों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से बाधित हो गई। सड़क को खोलने और बंद करने की प्रक्रिया को नियंत्रित किया जा रहा है तथा प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस द्वारा अतिरिक्त सतर्कता के साथ यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित की जा रही है। वहीं, जिला पुलिस ने केदारनाथ धाम आने वाले तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे केदारनाथ धाम यात्रा पर अतिरिक्त सावधानी के साथ आएं तथा मौसम पूर्वानुमान पर नजर रखें।

### हिमाचल में 7 की मौत, मनूणी खड्ड में एक और शव मिला

*हिमाचल में बुधवार को पांच जगह बादल फटने से आई बाढ़ में अब तक सात लोगों की जान चली गई है। धर्मशाला और कुल्लू में छह लोग अभी भी लापता हैं। धर्मशाला के खनियारा में मनूणी*



*खड्ड में बहे एक और श्रमिक का शव सुबह बरामद हुआ है। दो अभी भी लापता हैं। गुरुवार को यहां तीन शव बरामद हुए थे। मौसम के कहर के बीच पहाड़ी में चढ़ गए एक युवक को रेस्क्यू कर लिया गया है। कुल्लू और धर्मशाला में टीमें तलाश में जुटी हैं। एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने कहा कि हमारा लक्ष्य लापता श्रमिकों का पता लगाना है।*

### रुद्रप्रयाग हादसा मृतकों की संख्या बढ़कर 4 हुई

गुरुवार को रुद्रप्रयाग में हुई बस दुर्घटना में लापता लोगों की तलाश के लिए अलकनंदा नदी पर दूसरे दिन भी खोज और बचाव अभियान जारी रहा। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की इंस्पेक्टर मंजरी नेगी ने दुर्घटनास्थल से लगभग 40 किलोमीटर दूर पौड़ी गढ़वाल में श्रीनगर बांध के पास एक लापता यात्री का शव बरामद होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई।

## खबर संक्षेप

### असम में कुए से गैस रिसाव पूरी तरह रोका

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि तेल और



प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने असम के शिवसागर जिले में अपने कच्चे तेल के कुए में 16 दिनों तक जारी गैस रिसाव के बाद हुए विस्फोट को सफलतापूर्वक रोक दिया है। इसे बिना किसी जानमाल की हानि के अंजाम दिया गया। यह विस्फोट 12 जून को शुरू हुआ था। ओएनजीसी ने शुक्रवार को 11:15 बजे कुआ आरडीएस 147ए के विस्फोट को सफलतापूर्वक रोक दिया है।

### सोशल मीडिया पर पोस्ट के लिए कंपनियां उत्तरदायी

**साओ पाउलो।** ब्राजील के उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया कंपनियों को उनके



उपयोगकर्ताओं द्वारा की गईं पोस्ट के लिए उत्तरदायी ठहराने के निर्णय से संबंधित विवरण पर सहमति जताई, साथ ही अगले कुछ सप्ताह में फैसले को लागू करने का रास्ता साफ हो गया। ब्राजील की शीर्ष अदालत में 8-3 के मत से पारित आदेश में गूगल, मेटा और टिकटॉक जैसी दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियों को घृणास्पद भाषण, नस्लवाद और हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री पर सक्रिय रूप से निगरानी रखने और उसे हटाने के लिए कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूसी समकक्ष बेलोसोव से की मुलाकात**

# एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और अन्य सैन्य उपकरणों की डिलीवरी पर की चर्चा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

*रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों, सीमा पार आतंकवाद और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के साथ कई विषयों पर चर्चा की। रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव ने भारत-रूस के दीर्घकालिक संबंधों पर प्रकाश डाला*

चीन के किंगदाओ में हो रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलोसोव से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों नेताओं ने एस-400 सिस्टम की डिलीवरी, एसयू-30 एमकेआई के अपग्रेड और समय-सीमा में सैन्य हार्डवेयर की खरीद को लेकर बात की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों, सीमा पार आतंकवाद और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के साथ कई विषयों पर चर्चा की। रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव ने भारत-रूस के दीर्घकालिक संबंधों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने पहलगाम हमले को भयावह और कायराना आतंकवादी कृत्य बताते हुए भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। रूस ने भारत को आश्वासन दिया है कि वह एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के बचे दो स्क्वाड्रनों को 2026-27 तक भारत को दे देगा। बता दें, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसी एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान को जमकर धूल चटाई थी। एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के चौथे और पांचवें स्क्वाड्रन की डिलीवरी में रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से देरी हुई है।

1 रूस ने पहलगाम हमले को कायराना आतंकी कृत्य बताया

2 आधुनिक रक्षा क्षमताओं के उन्नयन पर भी हुई बातचीत



### एस-400 की खासियत

एस-400 के हर एक स्क्वाड्रन में दो मिसाइल बैटरियां होती हैं, जिनमें 128 मिसाइलें शामिल होती हैं। ये मिसाइलें 120, 200, 250 और 380 किमी. तक मार करने में सक्षम हैं। इसके साथ ही इसमें लंबी दूरी का रडार सिस्टम और हर मौसम में चलने वाले ट्रांस्पोर्ट व्हीकल भी होते हैं। भारतीय वायुसेना ने पहले तीन एस-400 स्क्वाड्रनों को चीन और पाकिस्तान को काउंटर करने के लिए उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में तैनात किया हुआ है।

### रक्षा उत्पादन बढ़ाने पर हुई चर्चा

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह दोनों देशों के नेताओं के बीच हाल ही में हुई सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक थी। इसमें रक्षा उत्पादन बढ़ाने को लेकर बात हुई। इसमें वायु रक्षा, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, आधुनिक क्षमताओं और हवाई प्लेटफार्मों के उन्नयन पर चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख तौर पर एस-400 सिस्टम की आपूर्ति, एसयू-30 एमकेआई के विकास और समय सीमा में महत्वपूर्ण सैन्य हार्डवेयर की खरीद पर भी बात हुई।

### दोनों देश रक्षा सहयोग बढ़ाएंगे

*राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्होंने और बेलोसोव ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि किंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव से मिलकर खुशी हुई। हमने भारत-रूस रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर गहन विचार-विमर्श किया।*

### 2018 में हुई थी डील

बता दें, 2018 में भारत-रूस के बीच 40 हजार करोड़ रुपये की डील पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसके तहत भारत को एस-400 के 5 स्क्वाड्रन 2023 के आखिरी तक मिलने थे लेकिन अब तक भारत को सिर्फ 3 स्क्वाड्रन ही मिल पाए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चौथा स्क्वाड्रन अगले साल तक और पांचवां स्क्वाड्रन 2027 में मिल जाएगा।

**यह जानकारी नौसेनाप्रमुख ने शुक्रवार को राजधानी में आयोजित किए गए एक समारोह को संबोधित करते हुए दी**

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तैयारी पूरी थी, समुद्री क्षेत्र में डटी थी नौसेना: एडमिरल त्रिपाठी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

नौसेनाप्रमुख एडमिरल डी.के. त्रिपाठी ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर की भारत की सैन्य कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि इस



दौरान भारतीय नौसेना के जहाज, पनडुब्बियां और लड़ाकू विमान रणनीतिक रूप से समुद्री क्षेत्र में पूरी तरह से तैयार और तैनात थे। जिसका सिर्फ एक ही मकसद था कि अगर पश्चिमी क्षेत्र में मौजूद हमारा दुश्मन समुद्री क्षेत्र में भारत के खिलाफ कोई गुस्ताखी करने की कोशिश करें तो उसे तुरंत मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। नौसेना की समुद्री क्षेत्र में बनी हुई ये तैनाती एक प्रकार से हमारे देश की मजबूती और उच्च-स्तर की सैन्य तैयारी को भी साफ तौर पर प्रदर्शित कर रही थी। यह जानकारी नौसेनाप्रमुख ने शुक्रवार को नौसेना भवन में आयोजित किए गए प्रतिष्ठापन (इनवेस्टीचर) समारोह को संबोधित करते हुए दी।

### बदल गई भारत की रणनीतिक सोच

उन्होंने भविष्य में भारत पर होने वाले किसी भी आतंकी हमले को बतौर युद्ध के रूप में लेने के केंद्र सरकार के निर्णय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह फैसला एक प्रकार से हमारे देश की 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दुश्मन द्वारा भविष्य में किए जाने वाले किसी भी अन्य आतंकी हमले को युद्ध मानने से जुड़ी हुई है। जिसने देश की रणनीतिक सोच में एक नया आयाम शामिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसे जटिल और तेजी से बदलते हुए वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच रह रहे हैं। जिसमें भारतीय नौसेना की भूमिका भी बहुत अधिक जटिल हो जाती है। एडमिरल त्रिपाठी ने बदलते हुए भू-राजनीतिक और भू-सामरिक परिदृश्यों के साथ दुनियाभर में जारी संघर्षों का भी जिक्र किया और कहा कि इन्होंने हमारे कार्यों या भूमिका की तीव्रता, विविधता और जटिलता को असाधारण रूप से बढ़ा दिया है। समारोह के दौरान सम्मानित किए गए नौसैन्यकर्मियों को नौसेनाप्रमुख ने बधाई दी।

### कोमोडोर श्रीलम को किया सम्मानित

उन्होंने प्रतिष्ठित युद्ध सेवा मेडल से कोमोडोर कार्तिक श्रीमल को सम्मानित किया। जिन्होंने ऑपरेशन संकल्प के दौरान बल के पश्चिमी बेड़े द्वारा चलाए गए अभियान में सराहनीय भूमिका निभाई थी। दिसंबर-2023 में यह अभियान लांच किया गया था। जिसका संबंध लाल सागर और अदन की खाड़ी में समुद्री डाकुओं और डकैतों से विभिन्न प्रकार के जहाजों को अपने समुद्री अभियानों जैसे एंटी ड्रोन, एंटी मिसाइल और एंटी पाइरेसी के जरिए सुरक्षा प्रदान करने से जुड़ा हुआ था।

**आपातकालीन लैंडिंग के बाद तिरुवनंतपुरम में 12 दिनों से खड़ा है यह विमान**

# तिरुवनंतपुरम में खड़े एफ-35बी लड़ाकू विमान को ठीक करेंगे ब्रिटेन के इंजीनियर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

बीते 12 दिनों से केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़े एफ-35बी लड़ाकू विमान में आई इंजीनियरिंग संबंधी गड़बड़ी को दूर करने के लिए जल्द ही ब्रिटेन के तीन दर्जन से अधिक इंजीनियरों की एक भारी भरकम टीम, विशेषज्ञों के साथ भारत पहुंचेगी। यह विमान इस महीने 14 जून को आपातकालीन लैंडिंग कर तिरुवनंतपुरम में उतरा था और उसके बाद यह उड़ान नहीं भर सका। वर्तमान में यह ब्रिटेन की नौसेना के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। संभवतः कम ईंधन की वजह से इसकी केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग हुई थी। खराब मौसम की वजह से यह विमान केरल तट से करीब 100 समुद्री मील की दूरी पर मौजूद ब्रिटेन के विमानवाहक युद्धपोत पर लैंड नहीं कर पाया था।



एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स पर मौजूद इंजीनियरों ने विमान के शुरुआती आकलन के बाद मामले में ब्रिटेन के इंजीनियरों का सहयोग लेने की आवश्यकता जताई। जिसके बाद ही ब्रिटेन से इंजीनियरों की टीम को भारत भेजने का फैसला लिया गया। यह जानकारी भारत में ब्रिटेन के उच्चायोग ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर दी।

**पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान:** एफ-35बी पांचवीं पीढ़ी का एक लड़ाकू विमान है। जो कि छोटे रनवे से शॉर्ट टेकऑफ और वर्टिकल लैंडिंग की क्षमताओं से लैस है। इसके अलावा यह जटिल सैन्य अड्डों और जहाजों से भी हवाई संचालन को आसानी से अंजाम दे सकता है। इसे दुनिया के सबसे उन्नत नौसैन्य लड़ाकू विमानों में से एक माना जाता है। विमान की कुल अनुमानित कीमत 110 मिलियन डॉलर है। उधर, एफ-35बी के सामरिक महत्व को देखते हुए केरल में सीआईएसएफ के जवान चौबीसों घंटे इसकी निगरानी में जुटे हुए हैं।

**हवाईअड्डे पर ही होगी मरम्मत:** ब्रिटेन के उच्चायोग के प्रवक्ता ने बताया कि ब्रिटेन ने तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर एफ-35बी लड़ाकू विमान की मरम्मत करने का ऑफर स्वीकार कर लिया है। जिसके साथ ही अब विमान को हवाई अड्डे की मरम्मत और ओवरहॉल सुविधा (एमआरओ) की ओर ले जाया गया है। ब्रिटेन से इंजीनियरिंग के विशेषज्ञों के भारत पहुंचने के बाद इसे हैंगर में लाया जाएगा। जहां पर विशेषज्ञ उपकरणों के साथ विमान की व्यापक रूप से जांच-पड़ताल करेंगे। साथ ही उनकी ये भी कोशिश होगी कि उनकी कार्रवाई के दौरान हैंगर के ईद-गिर्द खड़े बाकी विमानों के मरम्मत संबंधी कार्यों में नाममात्र का ही गतिरोध पैदा हो। विमान की जांच-पड़ताल पूरी होने के बाद इसे दोबारा से ब्रिटेन अपने नौसैन्य अभियानों में शामिल करेगा। जमीनी स्तर पर मौजूद टीमें भारतीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में बनी हुई हैं। जिसमें मुख्य रूप से सुरक्षा उपायों पर खासतौर पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। टीम ने भारतीय अधिकारियों और तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे का निरंतर जरूरी सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया है।

**भारतीय वायुसेना बनी मददगार:** बताते चलें कि एफ-35बी के तिरुवनंतपुरम में लैंड करने के कुछ दिन बाद भारतीय वायुसेना ने कहा था कि वह विमान में सुधार और इसकी पुनः ब्रिटेन वापसी के लिए तमाम जरूरी सहयोग प्रदान कर रही है। ब्रिटेन की नौसेना का जंगी बेड़ा एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स के साथ इस महीने भारतीय नौसेना के साथ युद्धाभ्यास कर रहा था।

# सभी विभागों में एक साथ ई अटेंडेंस लागू करे सरकार : देवेंद्र सोलंकी

## शिक्षकीय गरिमा के खिलाफ ई अटेंडेंस के विरोध में शिक्षकों का ज्ञापन 28 को...

**भोपाल।** केवल शिक्षक संवर्ग हेतु ई अटेंडेंस व्यवस्था लागू करना समाज में ऐसा संदेश देता है कि शिक्षक कर्तव्य के प्रति लापरवाह और गैरजिम्मेदार है।राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने ऐसे कुप्रचार को फैलाने वाली ई अटेंडेंस व्यवस्था को सिर्फ शिक्षकों के लागू किए जाने को अन्यायपूर्ण बताया। संघ के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव ने जारी प्रेस नोट में कहा कि ऐसी व्यवस्था लागू करना सरकार का हक है पर इसे मध्यप्रदेश के समस्त विभागों के समस्त कर्मचारियों/अधिकारियों पर एक साथ लागू किया जाना चाहिए।संघ ने सरकार को चेताया कि गुरु परंपरा को खंडित करने वाली इस योजना में प्रदेश का शिक्षक संवर्ग तब तक शामिल नहीं होगा जब तक यह केवल उनके लिए है।

**रिजल्ट देख खूब तारीफ की,फिर अविश्वास क्यों** - राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि विगत दिवस मध्य प्रदेश के 10वीं एवं 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों के बेहतर प्रदर्शन से उत्साहित मुख्यमंत्री जी ने शासकीय शिक्षकों एवं विद्यालयों की तारीफों के पुल



बांधे थे और कुछ दिन गुजरते ही केवल उनके लिए ही अटेंडेंस योजना लागू करना शिक्षकों की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगता है। संघ ने चेताया कि सरकार को समाज में गुरु के सम्मान के बने स्तर को खंडित करने वाले किसी भी कदम को उठाने से बचना चाहिए।

**सभी के लिए एकसाथ करें लागू** -जगदीश यादव ने शिक्षा मंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा कि समूचा शिक्षक संवर्ग पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन कर रहा है।उन्हें अटेंडेंस योजना में सहभागी होने में कहीं कोई आपत्ति नहीं है परंतु यदि यह योजना केवल शिक्षक संवर्ग के लिए लागू की जाएगी तो वे इसमें सहभागी नहीं होंगे।सरकार इसे समस्त विभागों में एक साथ लागू करें शिक्षक संवर्ग इसमें शत प्रतिशत सहयोग हेतु आगे आएगा।

**जिलाध्यक्ष देवेंद्र सोलंकी ने बताया की 28 जून को प्रदेश भर में ज्ञापन** -राज्य शिक्षक संघ ने 28 जून को मध्य प्रदेश के समस्त विकासखंड स्तर पर ई अटेंडेंस योजना को प्रदेश के समस्त विभागों में एक साथ लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने की घोषणा की है। संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से आग्रह किया है कि वह जब तक अन्य विभागों में ई अटेंडेंस योजना प्रारंभ नहीं हो सकती तब तक शिक्षा विभाग में इसे स्थगित किया जाए।

# परिवर्तनकारी शिक्षक संघ का धरना प्रदर्शन : 11 सूत्री मांगों को लेकर मधुबनी समाहरणालय पर जोरदार प्रदर्शन, जिलाधिकारी व जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

**मुंबई हलचल/ मो. सलीम आजाद**

**मधुबनी।** परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ, मधुबनी की ओर से आज मधुबनी समाहरणालय स्थित टाउन हॉल डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस धरना की अगुवाई संघ के जिला अध्यक्ष विकास कुमार ने की, जबकि यह कार्यक्रम संघ के प्रदेश अध्यक्ष तथा बिहार विधान परिषद के माननीय सदस्य बंशीधर ब्रजवासी के राज्यस्तरीय निर्णय के तहत आयोजित किया गया। इस आंदोलन के माध्यम से शिक्षकों की 11 सूत्रीय माँगों को लेकर सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई और शिक्षा विभाग की अनियमितताओं को उजागर किया गया।

**प्रमुख माँगें :** शिक्षकों को पदोन्नति (प्रोन्नति) का लाभ शीघ्र दिया जाए। विशिष्ट शिक्षकों को सेवा की निरंतरता प्रदान की जाए। विद्यालय शिक्षकों के वेतन में व्याप्त विसंगतियों को दूर किया जाए। एच.आर.एम.एस. (HRMS) से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। आयोग द्वारा चयनित प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक को जल्द से जल्द पदस्थापित किया जाए। शनिवार को विद्यालय संचालन पूर्व की भांति मध्यान्ह तक सीमित किया जाए। सभी प्रकार के शिक्षकों को हर महीने समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित




किया जाए। अप्रशिक्षित शिक्षकों को उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में अविलंब योगदान कराया जाए तथा दो वर्षों से जिनका वेतन बंद है, उन्हें नियमित किया जाए और वेतन का भुगतान शुरू किया जाए। विशिष्ट शिक्षकों का वेतन निर्धारण शीघ्र किया जाए। भविष्य निधि (ई.पी.एफ.ओ.) में किसी भी माह का लंबित अंशदान आवेदन के आधार पर तुरंत स्थानांतरित किया जाए। विशिष्ट शिक्षक (सक्षमता 1/2) की ई.पी.एफ.ओ. से बाहर निकलने की तिथि को सुधार कर 01 मार्च 2025 किया जाए। आज के इस आंदोलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विकास कुमार ने की और सरकार की अनियमितताओं की कड़ी आलोचना करते हुए उपस्थित शिक्षकों एवं पदाधिकारियों को हर पहलू से अवगत कराया। इसके उपरांत संघ की पाँच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल जिसमें महासचिव रघुनाथ यादव, संयोजक रंजन कुमार ठाकुर, मीडिया प्रभारी कपिल कुमार, कार्यालय सचिव श्याम कुमार, सह संयोजक विवेकानंद विकल शामिल थे, ने जिलाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। विभाग द्वारा ज्ञापन पर विचार करने का आश्वासन दिया गया तथा माँगपत्र को ईमेल के माध्यम से भी संबंधित पदाधिकारियों को प्रेषित किया गया। इस प्रभावी और अनुशासित आंदोलन में जिले भर से हजारों शिक्षकों की भागीदारी रही। प्रमुख सहभागी शिक्षक नेताओं में कुमार पूजन, ओवैस अंसारी, अरुण कुमार पासवान, अनिल कुमार, मनोज मंडल (प्रधानाध्यापक), देवनारायण चौधरी, रणधीर कुमार यादव, प्रमोद कुमार, दिनेश राम, मनोज चौधरी, रामनाथ राम, भागीरथ ठाकुर, अन्नोज कुमार यादव, मो. जाकिर हुसैन, मो. मरगूब, मो. दस्तगीर, मौलाना जियाउर रहमान आदि शामिल रहे। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार द्वारा मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

## दोनों देशों के बीच लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा की जा रही

# ट्रंप ने कहा : भारत के साथ बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक ''बहुत बड़ा'' व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कर एवं व्यय कटौती विधेयक को पारित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, '' हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवतः भारत के साथ। बहुत बड़ा...'' ट्रंप ने कहा, 'चीन समझौते में, हम चीन के लिए द्वार खोलने की शुरुआत कर रहे हैं। ऐसी चीजें जो वास्तव में कभी नहीं हुईं...सभी देशों के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं।'' राष्ट्रपति ने हालांकि चीन के साथ हुए समझौते के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने कहा कि हर देश समझौता करना चाहता है और इसका हिस्सा बनना चाहता है। उनके प्रशासन के अधिकारी देशों के साथ समझौते करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं।

- ट्रंप ने विधेयक पारित करने के एक कार्यक्रम यह बात कही



### दोनों देश अंतरिम समझौते के लिए बात कर रहे

*ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए बृहस्पतिवार को वाशिंगटन पहुंचा। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं।*

### हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे

ट्रंप ने कहा, '' याद कीजिए , कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था, '' क्या वाकई कोई ऐसा (देश) है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन समझौते कर रहे हैं।'' राष्ट्रपति ने कहा, '' हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर कहेंगे कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद... आप 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करेंगे।

### भारत ने अब तक दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला

भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन उत्पादों, दुग्ध तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है।भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत की मांग कर रहा है।

### अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते पर हुए हस्ताक्षर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही भारत के साथ भी समझौता हो जाएगा। वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने 'ब्लूमबर्ग टीवी' को बताया कि चीन के साथ इस सप्ताह की शुरुआत में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। ट्रंप और लुटनिक दोनों ने ही समझौते के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार देर रात कहा, '' हमने अभी-अभी चीन के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।''

### समझौते पर दो दिन पहले हस्ताक्षर

लुटनिक ने कहा कि इस समझौते पर दो दिन पहले ही ''हस्ताक्षर'' किए गए। उन्होंने कहा, '' राष्ट्रपति को समझौते करने हैं...हम एक के बाद एक समझौते करने जा रहे हैं।'' चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि दोनों पक्षों ने ''समझौते की रूपरेखा के विवरण की पुष्टि की है।'' लेकिन उसके बयान में स्पष्ट रूप से दुर्लभ खनिजों तक अमेरिका की पहुंच का उल्लेख नहीं किया गया है। इसका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे उच्च प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों में होता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# कैल्शियम की कमी से महिलाएं हो रही हैं इस बीमारी की शिकार

ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या पुरूषों से ज्यादा महिलाओं में देखने को मिलती है। ऑस्टियोपोरोसिस (osteoporosis) हड्डी का एक रोग है जिससे फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है। 50 साल की उम्र के बाद हर तीन में एक महिला को यह समस्या होती है पुरुषों की तुलना में महिलाओं को यह समस्या कैल्शियम के कारण अधिक होती है। आइए जानते हैं कि आखिर क्यों महिलाओं कैल्शियम की कमी के इस रोग की चपेट में आ रही हैं।

## महिलाओं को क्यों जल्दी होता है ऑस्टियोपोरोसिस रोग

महिलाएं, पुरुषों के मुकाबले जन्म के वक्त से ही कमजोर होती हैं। वहीं बढ़ती उम्र के साथ-साथ महिलाओं की हड्डियों का द्रव्यमान ज्यादा तेजी से खत्म हो जाता है, जोकि इस रोग का कारण बनता है। दरअसल, हड्डियां कैल्शियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन और कई तरह के मिनरल्स से बनी होती हैं। अनियमित जीवनशैली और बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं में ये मिनरल्स जल्दी नष्ट हो जाते हैं। इससे हड्डियों का घनत्व कम हो जाता है और वह कमजोर होने लगती है। इसके अलावा कहीं न कहीं डाइटिंग भी महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बनती है। डाइटिंग के कारण महिलाओं के शरीर को पूरा पोषण नहीं मिल पाता, जिसके कारण वह इस रोग की चपेट में

## क्या है कारण?

कैल्शियम की कमी
व्यायाम न करना
बढ़ती उम्र के कारण
सॉफ्ट ड्रिंक पीना
ज्यादा नमक खाने
आनुवंशिक यानि जेनेटिक
प्रोटीन और विटामिन डी की कमी
शराब और धूम्रपान का सेवन
डायबिटीज और थाइरॉयड
जल्दी पीरियड्स खत्म होना
ऑस्टियोपोरोसिस के लक्षण
रीढ़, कलाई और हाथों में दर्द
हड्डी में जल्दी से फ्रैक्चर होना
बहुत जल्दी थक जाना
शरीर में बार-बार दर्द होना
कमर में दर्द होना
हड्डियों और मांसपेशियों में दर्द
पीठ के निचले हिस्से में दर्द
मामूली-सी चोट लग जाने पर फ्रैक्चर होना

## ऑस्टियोपोरोसिस का घरेलू इलाज

**1. नारियल का तेल**
नारियल तेल का सेवन हड्डियों का घनत्व बढ़ता है और इससे शरीर में एस्ट्रोजन की कमी भी पूरी होती है। इससे आप इस बीमारी से बची रहती हैं। इसलिए नारियल तेल को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

**2. बादाम का दूध**
कैल्शियम से भरपूर बादाम वाले दूध का सेवन शरीर में इसकी कमी को पूरा करता है, जोकि ऑस्टियोपोरोसिस से बचने के लिए जरूरी है। इसके अलावा बादाम के दूध में हड्डियों के लिए जरूरी तत्व मैग्नीशियम, मैगनीज और पौटेशियम भी शामिल होते हैं। इसलिए रोज 1 गिलास बादाम वाला दूध नियमित रूप से पीएं।

**3. तिल के बीज**
मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, मैंगनीज, तांबा, जिंक और विटामिन डी से भरपूर तिल के बीज भी हड्डियों की कमजोरी को दूर करते हैं। इसलिए अगर आप इस बीमारी से बचना चाहती हैं तो रोज 1 मुट्ठी भुने हुए तिल चबा कर दूध पीएं।

**4. धनिया के बीज**
धनिया के पत्ते और बीज दोनों में ही मैग्नीशियम, आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम और मैंग्नीज आदि पोषक तत्व होते हैं। धनिया के बीजों को गर्म पानी में उबालकर कुछ देर ढक कर रखें उसके बाद गुनगुना होने पर इसमें शहद मिलाकर पीएं। इसके अलावा आप इसके पत्तों और बीजों का इस्तेमाल खाना बनाने के लिए भी कर सकते हैं। इसका सेवन इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम करता है।

**5. मछली का तेल**
मछली के तेल के सप्लीमेंट्स में ओमेगा-3 फैटी एसिड, कैल्शियम और विटामिन डी होता है जो हड्डी की घनिष्टता को बढ़ाने में मदद करता है। एक रिसर्च के अनुसार, मछली के तेल में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड हड्डी और मांसपेशियों को पहुंचने वाले नुकसान को कम करते हैं। इसलिए अपनी डाइट में 1000 मिलीग्राम मछली के तेल के सप्लीमेंट्स जरूर शामिल करें।

# इस तरह घर पर बनाकर लगाएं आंवला तेल, बाल दोगुनी तेजी से होंगे लंबे!



लड़कियां लंबे, सुंदर और घने बाल पाना चाहती है। अपनी इस चाहत को पूरा करने के लिए लड़कियां कई तरह के कैमिक्ल युक्त हेयर प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। मगर इन चीजों से कई बार बालों को फायदा पहुंचने की जगह पर नुकसान होने लगता है। ऐसे में आप आंवला तेल का इस्तेमाल करके भी बालों को लंबा, घना और मजबूत बना सकते हैं।

आंवला में विटामिन सी, कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन, कैरोटीन और विटामिन बी, फाइबर और काबोर्हाइड्रेट जैसे तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। जो बालों को झड़ने से रोकने के साथ ही उनको लंबा बनाने का काम भी करता है। वैसे तो बाजार में कई आंवला तेल मिल जाएंगे मगर उनसे भी ज्यादा फायदा नहीं मिलता। ऐसे में आप घर पर ही आंवला तेल बनाकर बालों पर लगा सकते हैं। इस तेल का इस्तेमाल करने से कुछ ही दिनों में आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

## आंवला तेल बनाने की विधि

तेल बनाने के लिए सबसे पहले आंवला लें। इनको अच्छे से धोने के बाद इसके बीज निकालकर लें। इसके बाद आंवलों को अच्छे से पीस लें। पिसकर आंवले का जूस निकाल लें। अब आंवला जूस में नारियल का तेल मिक्स करके 10 से 15 मिनट के लिए उबलने के लिए रख दें। जब यह ब्राउन हो जाए तो गैस से उतार से लें और ठंडा होने के लिए रख दें। इस तेल को बाल धोने के 20 से 30 मिनट पहले लगाएं। कुछ ही दिनों में फर्क दिखाई देने लगेगा।

# पैरों पर आ रहे बदलाव भी करते हैं खराब सेहत की और संकेत

लोग अपनी सेहत को लेकर बहुत फिक्रमंद होते हैं। इसके लिए वह अपने शरीर में आने वाले छोटे से छोटे बदलाव पर खास ख्याल देते हैं लेकिन पैरों को नजरअंदाज कर देते हैं। पैरों में होना वाला दर्द,सूजन ा,खारिश,रूखापन,छाले, एडियों का फटना आदि के सेहत से जुड़ी परेशानियों पर संकेत देते हैं। जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। आ

**1. पैरों के नाखूनों का बदरंग होना**
पैरों के नाखूनों का बदलता रंग, इनका पीला या काला होना फंफूद और संक्रमण की ओर संकेत देता है। यह सोराइसिस और एक्जिमा की और इशारा करते हैं। कुछ लोग येलो नेल सिंड्रोम नाम की बीमारी के शिकार होते हैं। इसमें नाखूनो का रंग पीला पड़ जाता है। जो खराब सेहत की ओर इशारा करते हैं। यह फेफड़ो की सूजन या फेफड़ो में पानी भरने की ओर संकेत करते हैं। लगातार पैरों के नाखूनों का रंग बदल रहा है और प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करने पर भी सही नहीं होता तो इसे नजरअंदाज न करें।

**2. पैरों का लगातार ठंडा रहना**
कुछ लोगों के पैर लगातार ठंडे रहते हैं। ऐसा ब्लड सकुर्लेशन में प्रॉब्लम की वजह से होता है। डायबिटीज, एनीमिया, हार्ट डीजिज, स्मोकिंग करने से भी पैरों में ठंड़क रहती है। शरीरिक कमजोरी के कारण भी पैर ठंड़े रहते हैं।

**3. एडियां फटना और पैरों का रूखापन**
शरीर में नमी की कमा के कारण पैर फटने शुरू हो जाता हैं। इसके अलावा एक्जिमा,डर्मेटाइटिस, सोराइसिस और एथलीट्स फूट के कारण भी पैरों की त्वचा रूखी सूखी और एड़ियां फटनी शुरू हो जाती है।

**4. पैरों में दर्द रहना**
कुछ लोगों के पैरों में लगातार दर्द रहता है। इसे नजरअंदाज करने से परेशानी बढ़ सकती है। शरीर में मैग्नीशियम की कमी होने से भी पैरों में दर्द होने लगता है। इसे पूरा करने के लिए बैलेंस डाइट लेना बहुत जरूरी है।

**5. पैरों से बदबू आना**
पैरों की साफ-सफाई करने के बावजूद भी कुछ लोगों के पैरों से बहुत बदबू आती है। इसका कारण फंगस और बैक्टीरिया हो सकते हैं। पसीना न सूखने के कारण भी पैरों में से बदबू आने लगती है और ज्यादा देर जूते पहनने से बैक्टीरिया ज्यादा पनपने शुरू हो जाते हैं। जिससे बाद में स्किन इंफैक्शन भी हो सकते हैं। मोजो हमेशा साफ-सुथरे रखने और पैर सूखे रखना बहुत जरूरी है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# जल्द हॉरर-कॉमेडी फिल्म का हिस्सा होंगे रणवीर सिंह

**हॉरर और कॉमेडी** का जबरदस्त तड़का लगाने वाली मैडॉक फिल्म्स की यूनिवर्स लगातार विस्तार कर रही है। स्त्री, रूही और भेड़िया जैसी फिल्मों से दर्शकों को खूब हंसी और डर का कॉम्बिनेशन परोसने वाला यह प्रोडक्शन हाउस अब एक और धमाकेदार प्रोजेक्ट की तैयारी में है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फ्रैंचाइजी के अगले अध्याय में दो नए चेहरों की एंट्री हो सकती है, जिसमें सुपरस्टार रणवीर सिंह और एक्स मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर है। यह फिल्म हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली कड़ी होगी, जिसमें नई कहानी और नई ऊर्जा के साथ दर्शकों को रोमांचित करने की तैयारी हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, रणवीर सिंह हाल ही में मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस में नजर आए थे। सूत्रों की मानें तो, रणवीर कुछ समय से प्रोड्यूसर दिनेश विजान के साथ इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत कर रहे हैं। निमार्ता इस यूनिवर्स को आगे ले जाने के लिए एक नई ऊर्जा और चेहरा चाहते हैं, और रणवीर इस जोनर में काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। बताया जा रहा है कि रणवीर सिंह इन दिनों आदित्य धर की अपकमिंग फिल्म धुरंधर की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसकी शूटिंग जल्द ही पूरी होने वाली है। इसके बाद वो डॉन 3 की तैयारियों में जुटेंगे। ऐसे में मैडॉक फिल्म्स की नई हॉरर-कॉमेडी फिल्म की शूटिंग 2026 की शुरूआत में शुरू हो सकती है। साथ ही चर्चा है कि धुरंधर का टीजर रणवीर सिंह के जन्मदिन यानी 6 जुलाई को रिलीज किया जाएगा।

# फातिमा सना शेख ने बॉयफ्रेंड को लेकर किया बड़ा खुलासा

**नेटफ्लिक्स** के पॉपुलर कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो का तीसरा सीजन दर्शकों का दिल जीत रहा है। पहले एपिसोड में सलमान खान के धमाकेदार आगमन के बाद अब शो में फिल्म मेट्रो इन दिनों की स्टारकास्ट ने दस्तक दी, और इस एपिसोड में खूब मस्ती और हंसी के पल देखने को मिले। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम पर हाल ही में शो का एक मजेदार प्रोमो शेयर किया गया, जिसमें फिल्म के कलाकार कपिल शर्मा के साथ मंच पर दिखाई दिए। इस एपिसोड में फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल और निर्देशक अनुराग बसु शामिल हुए। शो के दौरान जब कपिल शर्मा ने फातिमा सना शेख से पूछा कि उन्हें कैसा बॉयफ्रेंड चाहिए, तो फातिमा ने झट से जवाब देते हुए कहा, बिल्कुल आपके जैसा! यह सुनकर कपिल शर्मा एक पल को शर्मिंदा हो गए, वहीं ऑडियंस ठहाके लगाकर हंसने लगी। यह पल सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और फैंस इस मजेदार केमिस्ट्री को खूब पसंद कर रहे हैं। बात यहीं नहीं रुकी। कपिल ने आदित्य रॉय कपूर की ओर इशारा करते हुए कहा कि, आपके साथ जो भी एक्ट्रेस काम करती हैं, उनकी शादी हो जाती है, तो अब क्या फातिमा और सारा की बारी है?ह्व इस पर आदित्य भी मुस्कुरा दिए, और सभी मेहमान ठहाके मारकर हंसने लगे। हाल ही में फातिमा का नाम विजय वर्मा के साथ भी जोड़ा जा रहा है। खबरें थीं कि विजय, तमन्ना भाटिया से ब्रेकअप के बाद फातिमा को डेट कर रहे हैं।



